उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

# सूचना/विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

### होमगार्ड्स श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट के सम्बन्ध में सूचना का प्रकाशन

संख्या:पीआरपीबी–बी( आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग) 07/2025 दिनांक:जनवरी 08 ,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा **उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025** के अन्तर्गत सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 31–12–2025 प्रकाशित कर अभ्यर्थियों से दिनांक 31–12–2025 से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहें हैं।

2– उ0प्र0 शासन द्वारा शासनादेश संख्या–I/1194447/6-1001(008)/24/2023, दिनांक 05–01–2026 द्वारा उ0प्र0 शासन की उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली–1992, सम्बन्धी अधिसूचना संख्या: 11/3/1991–का0–2–92, दिनांक 23.07.1992, के नियम–3 के आलोक में उक्त सीधी भर्ती के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों के लिए अपवाद स्वरूप एक बार के लिए 03 वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किये जाने के निर्णय के आलोक में सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित आयु सीमा तथा छूट दिये जाने के सम्बन्ध में सूचना/विज्ञप्ति संख्या:पीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग) 07/2025 दिनांक 05–01–2026 प्रकाशित की गयी है।

3– उक्त शासनादेश के क्रम में स्पष्ट करना है कि अधिकतम आयु सीमा में छूट होमगार्ड्स श्रेणी के अभ्यर्थियों को भी उपलब्ध है और उनकी अधिकतम आयु सीमा सम्बन्धी शासनादेश दिनांकित 25–01–1995 में उल्लिखित 25 वर्ष के स्थान पर 28 वर्ष स्वीकार की जायेगी। होमगार्ड्स (महिला/पुरूष) श्रेणी के अन्तर्गत पात्रता के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 02–07–1997 से 01–07–2007 के मध्य (दोनों तिथियों को सम्मिलित करते हुए) होना अनिवार्य है।

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ का अवलोकन करते रहें।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।